सूची-I (पर्यटन केन्द्र)		सूची-II (जिला)	
A.	फूल सागर	i.	बाड़मेर
B.	गागरोन किला	ii.	उदयपुर
C.	जगदीश मंदिर	iii.	बूँदी
D.	किराडू मंदिर	iv.	झालावाड़

कूट:

	A	B	C	D
(1)	iv	ii	iii	i
(2)	iii	iv	i	ii
(3)	iii	iv	ii	i
(4)	iiv	iii	ii	i

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (c) : सही सुमेलन है।

पर्यटन केन्द्र	-	जिला
A. फूल सागर	-	बूँदी
B. गागरोन किला	-	झालावाड़
C. जगदीश मंदिर	-	उदयपुर
D. किराडू मंदिर	-	बाड़मेर

1134. बसंती नामक किले का निर्माण करवाया था

(a) राणा प्रताप ने (b) राणा कुम्भा ने
(c) महारावल तेलसिंह ने (d) बीसलदेव ने

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (b) : बसंती नामक किले का निर्माण राणा कुम्भा ने करवाया था। राणाकुम्भा (1433-68 ई0) एक योग्य शासक, कुशल योद्धा एवं कला के पोषक थे। मालवा के सुल्तान महमूद खिलजी को वर्ष 1437 में सांरगपुर में पराजित कर राणा कुंभा ने चित्तौड़ में विजय स्तम्भ निर्मित करवाया था। राजस्थान में इन्हीं के नाम पर एक दुर्ग कुम्भलगढ़ बना। साथ में और भी कई दुर्ग इनके द्वारा बनवाए गये थे।

1135. सुमेलित कीजिए:

जिला		पर्यटन स्थल	
I.	अलवर	a.	डीग
II.	अजमेर	b.	कोलायत
III.	बीकानेर	c.	सोनी जी की नसियाँ
IV.	भरतपुर	d.	पाण्डूपोल

कूट:

	I	II	III	IV
(1)	a	b	c	d
(2)	c	a	b	d
(3)	d	c	b	a
(4)	b	d	a	c

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (c) : सही सुमेलित है

जिला	-	पर्यटन स्थल
अलवर	-	पाण्डूपोल
अजमेर	-	सोनी जी की नसियाँ
बीकानेर	-	कोलायत
भरतपुर	-	डींग

1136. निम्न में से कौन सा राजप्रसाद 'छीतर पैलेस' के नाम से विख्यात है?

(a) बीजोलाई महल (b) उम्मेद भवन पैलेस
(c) शिव निवास पैलेस (d) जल महल पैलेस

Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022

Ans. (b) : उम्मेद भवन पैलेस ही छीतर पैलेस के नाम से विख्यात है। यह विश्व के सबसे बड़े निजी आवासों में से एक है। यह महल जोधपुर के पूर्व शाही परिवार का प्रमुख निवास स्थान है।

1137. तीर्थ स्थल 'गलियाकोट' किस नदी के किनारे है।

(a) परवन (b) माही
(c) साबरमती (d) सोम

Kanisht Abhiyanta (Civil) 18.05.2022

Ans. (b) : तार्थ स्थल 'गलियाकोट' माही नदी के किनारे डूंगरपुर जिले में स्थित है। यहाँ सैयद फखरूद्दीन की मस्जिद है। डूंगरपुर में भुवनेश्वर का शिव मंदिर, सुरपुर मंदिर, माधवराई मंदिर, नागफंजी का जैन मंदिर प्रसिद्ध है।

1138. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

	पर्यटन स्थल	जिला
(a)	भटनेर दुर्ग	हनुमानगढ़
(b)	मैनाल	अजमेर
(c)	ओसियाँ	जोधपुर
(d)	कैलादेवी का मंदिर	करौली

पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (b) – सही सुमेल इस प्रकार है-

पर्यटन स्थल		जिला
भटनेर दुर्ग	-	हनुमानगढ़
मैनाल	-	भीलवाड़ा
ओसियाँ	-	जोधपुर
कैलादेवी का मंदिर	-	करौली

1139. निम्नलिखित में से कौनसा आकर्षण पर्यटन केन्द्र करौली जिले में स्थित नहीं है?

(a) तिमानगढ़ दुर्ग (b) मंड्रायल दुर्ग
(c) रामथरा दुर्ग (d) नाहरसागर कुण्ड

महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) – करौली, राजस्थान का एक जिला है जो लोकप्रिय लाल पत्थर के लिए प्रसिद्ध है। विमानगढ़ दुर्ग, मंड्रायल दुर्ग तथा रामथरा दुर्ग करौली जिले में स्थित प्रमुख पर्यटक स्थल है। नाहरसागर कुण्ड करौली जिले में स्थित नहीं है।

1140. राजस्थान में 'स्कल्पचर पार्क' निम्न में से किस 'पैलेस' में स्थित है?

(a) जल महल पैलेस (b) उमेद भवन पैलेस
(c) सरिस्का पैलेस (d) माधवेन्द्र पैलेस

LDC Exam 09.08.2018